दिनांक 29, नवम्बर, 2023

प्रेस–नोट

नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ

नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ का 102वाँ स्थापना दिवस बहुत धूम–धाम से प्राणि उद्यान स्थित 3डी ऑडिटोरियम में मनाया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि श्री सुधीर कुमार शर्मा, प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश एवं विशिट अतिथि श्री अंजनी कुमार आचार्य, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्य जीव, उत्तर प्रदेश, श्री अनुपम गुप्ता, प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश वन निगम, श्री संजय श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश, श्री नीरज कुमार, सदस्य सचिव, राज्य चिड़ियाघर प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश, श्रीमती अदिति शर्मा, निदेशक, नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ, डा0 उत्कर्ष शुक्ला, उप निदेशक, नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ, श्री आर0के0 नेगी, क्षेत्रीय वनाधिकारी, नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ के साथ वन विभाग तथा प्राणि उद्यान के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि द्वारा वन्य जीव चिकित्सालय के पास स्थित जीर्णोद्धार किए गए आईसोलेशन वार्ड का लोकार्पण तथा टाइगर छेदी लाल बाड़े में बने कराल का लोकार्पण एवं पुरानी बाल रेल का रिनोवेशन कर Party on Wheels का शुभारम्भ किया गया। उसके पश्चात मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा प्राणि उद्यान के 102वें स्थापना दिवस का केक काटकर प्राणि उद्यान का जन्मदिन मनाया गया।

इसके साथ ही मुख्य अतिथि महोदय द्वारा प्राणि उद्यान का भ्रमण करने आने वाले दर्शकों के लिए कलर रिस्ट बैंड का भी शुभारम्भ किया गया। अब दर्शकों को टिकट विन्डो पर टिकट के साथ कलर रिस्ट बैंड भी दिया जाएगा, जिसे पहन कर दर्शक प्राणि उद्यान में प्रवेश कर सकेंगे। बिना रिस्ट बैंड के प्राणि उद्यान में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

प्राणि उद्यान की निदेशिका श्रीमती अदिति शर्मा द्वारा मंचासीन अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। उन्होने स्वागत उद्बोधन में कहा कि इस प्राणि उद्यान को 102 वर्ष पूर्ण करने में प्राणि उद्यान के अधिकारियों/कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है और वह सभी इसके लिए बधाई के पात्र हैं। निदेशका महोदया ने प्राणि उद्यान का संक्षिप्त परिचय देते हुए बारादरी, बालरेल एवं वन्य जीवों के बारे में जानकारी अतिथियों को उपलब्ध करायी। दिनांक 06–08 नवम्बर, 2023 को केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं प्राणि उद्यान, लखनऊ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की गयी Capacity Building Workshop for Zoo Educators वर्कशॉप के अनुभव साझा किए। आज मुख्य अतिथि महोदय द्वारा पुरानी बाल रेल को पार्टी ऑन व्हील्स के रूप में शुभारम्भ किया गया है, यह दर्शकों के लिए नया आकर्षण का केन्द्र होगा। इस बाल रेल पर कोई भी व्यक्ति रू0 5100/– का भुगतान कर बुक करवा सकेगा, जो कि 02 घंटे के लिए बुक होगा। इस हेतु प्राणि उद्यान में संचालित कैन्टीन एवं फूडकोर्ट द्वारा दो मेनू उपलब्ध कराये जायेंगे जो कि रू0 300, 400, 500 के होंगे। बुकिंग कराने वाला व्यक्ति इनमें कोई भी मेनू बुक करवा सकेगा। पार्टी ऑन व्हील्स में अधिकतम 30–50 व्यक्ति सम्मिलित हो सकेंगे।

मुख्य अतिथि द्वारा प्राणि उद्यान के पूर्व निदेशक श्री अनुपम गुप्ता एवं श्री संजय श्रीवास्तव को शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर आयोजित प्राणि उद्यान के कर्मचारियों के लिए खेल–कूद प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एंव ट्राफी प्रदान कर पुरूस्कृत किया गया तथा प्राणि उद्यान के अधिकारी एंव कर्मचारियों को उनके द्वारा किये गये कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें भी सम्मानित किया गया। प्राणि उद्यान के वन्यजीवों का अंगीकरण करने वाले शीर्ष 5 अंगीकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्राणि उद्यान के पूर्व निदेशकों ने प्राणि उद्यान, लखनऊ में बिताए गए समय को याद करते हुए अपने अनुभवों को साझा किया।

समारोह के विशिष्ट श्री, अंजनी कुमार आचार्य, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्य जीव, उत्तर प्रदेश ने आये हुए अतिथियों को स्वागत करते हुए कहा कि आज मुख्य अतिथि महोदय द्वारा आईसोलेशन वार्ड, टाइगर छेदी लाल बाड़े में कराल एवं पुरानी बाल रेल में पार्टी ऑन व्हील्स का शुभारम्भ करते हुए जो अहसास हुआ उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता एवं यह निदेशक प्राणि उद्यान द्वारा किया गया सराहनीय कार्य है, जिसके लिए वह बधाई की पात्र हैं। इस प्राणि उद्यान का इको सिस्टम अद्वितीय है। उन्होंने प्राणि उद्यान के वन्य जीव चिकित्सालय के बारे में कहा कि ऐसा वन्य जीव चिकित्सालय शायद ही किसी अन्य प्राणि उद्यान में हो। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्व निदेशकों ने इस प्राणि उद्यान को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है, इस हेतु वह भी बधाई के पात्र हैं। प्राणि उद्यान का भ्रमण करने आने वाले दर्शकों हेतु कलर रिस्ट बैंड का शुभारम्भ किया गया है, इसके लिए प्राणि उद्यान की निदेशक को बधाई।

समारोह के मुख्य अतिथि श्री सुधीर कुमार शर्मा, प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज हमारा प्राणि उद्यान 102 वर्ष का हो गया है और इसका एक लम्बा इतिहास रहा है। उन्होंने प्राणि उद्यान के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी के सम्मिलित प्रयास से ही यह प्राणि उद्यान उच्च शिखर पर है। प्राणि उद्यान, लखनऊ देश के सर्वश्रेष्ठ प्राणि उद्यानों की श्रेणी में बना हुआ है, इसके लिए आप सभी को बधाई। यह प्राणि उद्यान लखनऊ के हृदय में बना हुआ है और जिसे शहर का फेफड़ा भी कहा जाता है। यहाँ के पेड़–पौधे वातावरण को शुद्ध करने का कार्य करते हैं। हम सभी भाग्यशाली हैं कि हमें वन्य जीवों की सेवा का अवसर प्राप्त हुआ है। यदि किसी स्थान को लम्बे समय तक आगे बढ़ाना है तो वहाँ कुछ नया करना आवश्यक होता है। इस हेतु प्राणि उद्यान की निदेशिका बधाई की पात्र हैं कि जब से उन्होंने कार्यभार संभाला है तब से कुछ न कुछ नया करने का प्रयास किया है। इसी क्रम में पिछले माह स्क्रैप से बब्बर शेर की प्रतिमा का अनावरण मा0 राज्य मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, उत्तर प्रदेश श्री के0पी0 मलिक द्वारा वन्य प्राणी सप्ताह–2023 के

अवसर पर इसका लोकार्पण किया गया था। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए आज स्क्रैप द्वारा तितली एवं फूल बनाया गया है, जो कि अत्यन्त सराहनीय कार्य है। प्राणि उद्यान लखनऊ वन्य जीवों के प्रति जागरूकता, वन्य जीवों को संरक्षण, उनके व्यवहार, खान–पान आदि के विषय में बच्चों को शिक्षित करता है परन्तु दिन प्रति दिन इसे और अधिक सशक्त करने की आवश्यकता है। प्राणि उद्यान का प्रयास रहता है कि यहाँ नये–नये वन्य जीव आते रहें और आने वाले समय में शीघ्र ही नये वन्य जीव प्राणि उद्यान की शोभा बढ़ाते नजर आयेंगे। अंगीकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि आप सभी वन्य जीवों को अंगीकृत करके बड़ा ही पुण्य का कार्य करते हैं। इससे प्राणि उद्यान को काफी सहायता मिलती है। इस हेतु आप सभी बधाई के पात्र हैं और आशा है कि आप भविष्य में भी प्राणि उद्यान की इसी प्रकार सहायता करते रहेंगे। वर्ष 1921 से लेकर वर्ष 2023 तक इस प्राणी उद्यान को श्रेष्ठ बनाये रखने में जो योगदान दिया है वह सभी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने डा0 उत्कर्ष शुक्ला का बधाई देते हुए कहा कि आपकी पुस्तक ''रहमान खेड़ा का बाघ'' बहुत ही अच्छी पुस्तक है। इस पुस्तक को सभी को पढ़ना चाहिए। मुख्य अतिथि ने कहा कि प्राणि उद्यान के पूर्व निदेशकों का सम्मान करना हमारे लिए गर्व का विषय है क्योंकि इन सभी के सतत् प्रयासों के कारण ही आज प्राणि उद्यान ने नई ऊँचाइयाँ प्राप्त की हैं तथा उपस्थित सभी महानुभावों को नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ के 102वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई दी।

प्राणि उद्यान की निदेशिका श्रीमती अदिति शर्मा ने मुख्य अतिथि सहित सभी मंचासीन अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

अन्त में प्राणि उद्यान के उप निदेशक, डा0 उत्कर्ष शुक्ला द्वारा आये हुए सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित कर उनका आभार व्यक्त किया गया।

(–ह0)
(अदिति शर्मा)
निदेशक,
नवाब वाजिद अली शाह
प्राणि उद्यान, लखनऊ